कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 10.09.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
गुरू संग गोठ आयोजित
गतिविधि के माध्यम से आशा का संचार आवश्यक

शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर एक वृहद् कार्यक्रम गुरू संग गोठ – जिंदगी न मिलेगी दोबारा आयोजित किया गया।

महाविद्यालय की वुमेन सेल के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में आत्महत्या की घटनायें लगातार बढ़ रही है। किशोर एवं युवावर्ग इन घटनाओं में ज्यादा प्रभावित हो रहा है। पारिवारिक समस्या, प्रेम–प्रसंग में असफलता, बेरोजगारी, नशे की लत एवं मानसिक तनाव आत्महत्या का प्रमुख कारण देखा गया है। उन्होनें कहा कि परेशानी दबाकर या छिपाकर न रखें इसे परिवार या दोस्तों के साथ साझा करें। परिवार के सदस्यों और दोस्तो का भी नैतिक दायित्व है कि वे निराकरण का प्रयास करें तथा मदद करें।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. रेशमा लाकेश ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आशा का संचार कैसे किया जाये इस पर सारगर्भित उद्बोधन दिया।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अल्का दुग्गल ने आत्महत्या के कारणों पर प्रकाश डालते हुए उसके समाधान के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होनें मनोविकार की चर्चा करते हुए कहा कि बहुत सी शारीरिक बीमारियाँ मानसिक तनाव के कारण ही होती है।

हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने कहा कि अवसाद के ग्रस्त युवा पीढ़ी को हिम्मत और हौसला बढ़ाने की जरूरत है और हम सबका यह सम्मिलित प्रयास होना चाहिये कि हम अवसाद ग्रस्त की समस्या को समझें और उसके निराकरण के दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

कार्यक्रम में यूथ रेडक्रॉस की छात्राओं ने भी अपने विचार रखें। कु. कावेरी, कु. मेहक परवीन, मनीषा धृतलहरे, करूणा, फातिमा निजामी, प्रेरणा शर्मा, लुभना, संगीता आदि ने अपने विचार रखें।

प्राचार्य ने सभी छात्राओं को संकल्प दिलाया कि वे समाज के उत्थान में अपनी सक्रिय भागीदारी देंगी और ऐसा कोई भी कार्य नहीं करेंगी जो परिवार और महाविद्यालय के हित में ना हो। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। आभार प्रदर्शन डॉ. सुषमा यादव ने किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
गुरू संग गोठ आयोजित
गतिविधि के माध्यम से आशा का संचार आवश्यक